# प्रश्न पुस्तिका

| अनुक्रमांक | SET | प्रश्न पुस्तिका क्रमांक |
|---|---|---|
| | A | 161145 |
| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर |

समय : 2 घण्टे 30 मिनट

पूर्णांक : 200

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 पृष्ठ हैं। प्रश्न पुस्तिका की सील खोलने के तुरन्त बाद जाँच कर सुनिश्चित हो लें कि प्रश्न पुस्तिका में कोई त्रुटि तो नहीं है और पृष्ठ पूरे हैं। कोई त्रुटि पाये जाने पर इसकी जानकारी तुरन्त अपने कक्ष निरीक्षक को दें। आवश्यकतानुसार प्रश्न पुस्तिका बदल दी जायेगी।

2. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 200 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। गलत उत्तरों के लिये ऋणात्मक अंक नहीं दिये जायेंगे।

3. प्रश्नों का उत्तर दिये गये OMR उत्तर पत्रक पर देना है।

4. OMR उत्तर पत्रक भरने से पूर्व OMR उत्तर पत्रक पर दिये गये निर्देशों को अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

5. प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प दिये गये हैं। सही एवं सर्वाधिक उचित विकल्प छाँटकर OMR उत्तर पत्रक में सही विकल्प वाले गोले को नीली/काली स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से इस प्रकार काला करें कि स्याही गोले के बाहर न फैलने पाये।

6. रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका के अंत में निर्दिष्ट स्थान पर किया जा सकता है।

7. यदि कोई प्रश्न न आता हो तो अगले प्रश्न पर जायें। अनावश्यक समय नष्ट न करें।

8. OMR उत्तर पत्रक को न तो मोड़ें और न ही किसी प्रकार से विकृत करें।

9. परीक्षा समाप्त होने पर OMR उत्तर पत्रक को कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। अभ्यर्थियों को OMR उत्तर पत्रक की कार्बन प्रति एवं प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।

1. निम्न में से कौन-सा रूपान्तरित चट्टान का उदाहरण नहीं है :

(A) संगमरमर

(B) क्वाट्ज़ाईट

(C) स्लेट

(D) ग्रेनाइट

2. डोलड्रम क्या है :

(A) उष्ण कटिबन्धीय पवन विक्षेपण पट्टी

(B) उष्ण कटिबन्धीय पवन पट्टी

(C) उपोष्ण कटिबन्धीय पवन पट्टी

(D) उष्ण कटिबन्धीय नपवन पट्टी

3. उत्तरी गोलार्द्ध में रहने वालों के लिए 21 जून वर्ष का सबसे लम्बा दिन है। दक्षिणी गोलार्द्ध में रहने वालों के लिए वर्ष का सबसे छोटा दिन कौन-सा होगा :

(A) 21 मार्च

(B) 21 दिसम्बर

(C) 21 सितम्बर

(D) 21 जून

4. संघीय बजट में राजकोषीय घाटे का अर्थ है :

(A) चालू व्यय और चालू राजस्व का योग

(B) मुद्रीकृत घाटे और बजट घाटे का योग

(C) बजट घाटे और आन्तरिक तथा बाह्य ऋणदान में निवल वृद्धि का योग

(D) भारतीय रिजर्व बैंक से संघ सरकार द्वारा किए गए ऋणदान में हुई निवल वृद्धि

5. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण, प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है :

(A) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा

(B) भारत सरकार के वित्त मन्त्रालय द्वारा

(C) भारतीय नीति आयोग द्वारा

(D) भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय द्वारा

6. ईको-मार्क क्या है :

(A) प्रदूषण मुक्त औद्योगिक इकाई को नामपत्रित करने की योजना

(B) पर्यावरण अनुकूली उपभोक्ता उत्पादन को नामपत्रित करने की योजना

(C) लाभकारी उत्पादन तकनीक

(D) पारिस्थितिकी अनुकूली भवनों को मान्यता देने वाला अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाणन

7. 'वर्ल्ड डेवलपमेन्ट रिपोर्ट' एक वार्षिक प्रकाशन है :

(A) विश्व व्यापार संगठन का

(B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का

(C) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक का

(D) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का

8. केन्द्रीय बजट 2017-18 में शिक्षा की गुणवत्ता, शोध स्वायत्तता और विज्ञान पर जोर दिया गया है। इस बजट में उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए एक 'राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा एजेंसी' के गठन की बात कही गयी है, इससे पूर्व इसकी परीक्षा एजेंसी थी :

(A) यू.जी.सी.

(B) सी.बी.एस.ई.

(C) ए.आई.सी.टी.ई.

(D) एन.सी.ई.आर.टी.

9. वह कौन सा वित्त मंत्री रहा है, जिन्होंने सर्वाधिक 10 बार संसद में बजट पेश किया :

(A) पी. चिदम्बरम

(B) मोरारजी देसाई

(C) यशवंत सिन्हा

(D) वाई. बी. चव्हाण

10. 'भीम' (भारत इंटरफेस फॉर मनी) का सम्बन्ध है :

(A) गरीबों के उत्थान से

(B) पर्यावरण सुधार से

(C) डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने से

(D) चुनाव सुधारों से

11. प्रत्यक्ष कर में सम्मिलित नहीं है :

(A) कैपिटल गेन टैक्स

(B) इनकम टैक्स

(C) कॉरपोरेट टैक्स

(D) सर्विस टैक्स

12. रेल बजट को कब पहली बार, आम बजट के साथ संसद में पेश किया गया :

(A) 28 फरवरी, 2016

(B) 01 फरवरी, 2017

(C) 28 मार्च, 2016

(D) 01 फरवरी, 2015

13. केन्द्र सरकार के वर्ष 2017-18 के बजट में शिक्षा के बजट में वर्ष 2016-17 की तुलना में कितनी प्रतिशत बढ़ोत्तरी प्रस्तावित है :

(A) 5%

(B) 7%

(C) 10%

(D) 12%

14. भारत की स्कॉर्पियन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी INS खांदेरी का जलावतरण हुआ है :

(A) 15 जनवरी, 2016

(B) 30 जनवरी, 2016

(C) 12 जनवरी, 2017

(D) 30 जनवरी, 2017

15. 'सक्षम-2017' अभियान केन्द्रित है :

(A) जल संरक्षण पर

(B) पर्यावरण संरक्षण पर

(C) ऊर्जा संरक्षण पर

(D) वायु संरक्षण पर

16. सरकार ने किस वर्ष हर साल 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाए जाने की घोषणा की थी :

(A) वर्ष 2007 में

(B) वर्ष 2008 में

(C) वर्ष 2010 में

(D) वर्ष 2012 में

17. केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने 'सर्व शिक्षा अभियान' के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस वेब पोर्टल का नाम रखा है :

(A) अर्जुन

(B) शगुन

(C) दीक्षा

(D) ज्योति

18. सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCC!) के प्रबन्धन का जिम्मा एक चार सदस्यीय समिति को सौंपा है। इस समिति में सदस्य **नहीं** है :

(A) विनोद राय

(B) अनुराग ठाकुर

(C) रामचंद गुहा

(D) विक्रम लिमये

19. साइना नेहवाल ने अभी हाल में मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता, इससे पहले यह खिताब किस भारतीय ने दो बार जीता है :

(A) सानिया मिर्जा

(B) पी.वी. सिंधु

(C) डायना एडुलजी

(D) अमिता मोदी

20. उत्तराखण्ड के किस शटलर ने पुरुष एकल वर्ग के विश्व जूनियर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रचा है :

(A) डी. के. सेन

(B) सी. ए. सेन

(C) लक्ष्य सेन

(D) चिराग सेन

21. मुखौटा नृत्य शैली का सम्बन्ध निम्न में से किससे है :

(A) मणिपुरी

(B) कथकली

(C) कत्थक

(D) भरतनाट्यम

22. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म समूह सत्य नहीं है :

(A) शिव कुमार – सन्तूर वादन

(B) हरिप्रसाद चौरसिया – बाँसुरी वादन

(C) बिस्मिल्ला खाँ – तबला वादन

(D) बिरजू महाराज – कत्थक नृत्य

23. काँगड़ा चित्रकला शैली में किस प्रकार के चित्रों की प्रधानता रहती है :

(A) पौराणिक कथाओं एवं रीतिकालीन नायक-नायिकाओं की

(B) युद्ध दृश्यों की

(C) पशु-पक्षियों की

(D) दैनिक क्रिया-कलापों की

24. सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) वृन्दावन गार्डेन्स | (1) मैसूर |
| (*b*) ब्लैक पैगोडा | (2) पाण्डिचेरी |
| (*c*) सालारजंग संग्रहालय | (3) हैदराबाद |
| (*d*) अरविन्द आश्रम | (4) कोणार्क |

कोड :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 2 | 4 | 3 |

25. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं :

(1) गरबा – गुजरात

(2) मोहिनी अट्टम – उड़ीसा

(3) यक्षगान – कर्नाटक

(A) केवल (1)

(B) केवल (2) व (3)

(C) केवल (1) व (3)

(D) (1), (2) व (3)

26. भारतीय संविधान की किस अनुसूची में दल-बदल विरोध विषयक उपबंध हैं :

(A) दूसरी अनुसूची

(B) पाँचवीं अनुसूची

(C) नवीं अनुसूची

(D) दसवीं अनुसूची

27. किस संविधान संशोधन द्वारा भारतीय नागरिकों के मूल कर्त्तव्यों में 11वाँ मूल कर्त्तव्य जोड़ा गया है :

(A) 86वाँ संविधान संशोधन विधेयक 2002

(B) 87वाँ संविधान संशोधन विधेयक 2003

(C) 88वाँ संविधान संशोधन विधेयक 2003

(D) 91वाँ संविधान संशोधन विधेयक 2003

28. केन्द्रीय मंत्री परिषद के प्रति अविश्वास प्रस्ताव पुरः स्थापित किया जा सकता है :

(A) केवल लोक सभा में

(B) केवल राज्य सभा में

(C) लोक सभा एवं राज्य सभा दोनों में

(D) राष्ट्रपति के समक्ष

29. स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन 1929 का विशेष महत्व है, क्योंकि :

(A) कांग्रेस के उद्देश्य के तौर पर स्वशासन प्राप्ति की घोषणा की गई

(B) कांग्रेस के लक्ष्य के तौर पर पूर्ण स्वराज्य प्राप्ति को स्वीकृत किया गया

(C) असहयोग आंदोलन का प्रारंभ हुआ

(D) लंदन में गोलमेज सम्मेलन में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया

30. ओलिव रिडले प्रजाति के कछुओं के अंडे देने के पसंदीदा स्थान के रूप में प्रसिद्ध 'भीतर कनिका सैंक्चुरी' कहाँ स्थित है :

(A) ओडिशा

(B) कर्नाटक

(C) गोवा

(D) तमिलनाडु

31. पद्म श्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी का संबंध है :

(A) पर्यावरण संरक्षण से

(B) भौतिक विज्ञान से

(C) लोक कला से

(D) साहित्य से

32. भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की शक्ति किसमें निहित है :

(A) भारत के राष्ट्रपति

(B) संसद

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(D) विधि आयोग

33. 'गदर' क्या था :

(A) भारतीयों का क्रांतिकारी संघ जिसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में था

(B) सिंगापुर से संचालित राष्ट्रवादी संगठन

(C) उग्रवादी संगठन जिसका मुख्यालय बर्लिन में था

(D) भारतीय स्वतंत्रता हेतु कम्युनिस्ट आंदोलन जिसका मुख्यालय ताशकंद में था

34. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये, इनमें से कौन सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं :

| विटामिन | इसकी कमी से होने वाला रोग |
| --- | --- |
| (1) विटामिन सी | – स्कर्वी |
| (2) विटामिन डी | – रिकेट्स |
| (3) विटामिन ई | – रात्रि अंधता |

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 3

(C) 1, 2 और 3

(D) कोई नहीं

35. गुप्त वंश के निम्नलिखित शासकों को क्रम से लगाइये :

(1) चंद्रगुप्त II (2) समुद्रगुप्त

(3) कुमारगुप्त (4) स्कंदगुप्त

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 1, 3, 4

(C) 1, 2, 4, 3

(D) 2, 1, 4, 3

36. कन्याकुमारी का रॉक मेमोरियल निम्न में से किसके लिये समर्पित है :

(A) चैतन्य महाप्रभु

(B) स्वामी विवेकानंद

(C) दयानंद सरस्वती

(D) राजा राममोहन राय

37. ज्योतिबा फुले ने निम्नलिखित में से किसकी स्थापना की थी :

(A) सत्य शोधक समाज

(B) दलित वर्ग मिशन समाज

(C) बहुजन समाज

(D) इनमें से कोई नहीं

38. 1905 ई. में लार्ड कर्जन द्वारा किया गया बंगाल का विभाजन कब तक अस्तित्व में रहा :

(A) प्रथम विश्व युद्ध तक

(B) भारत के 1947 में हुए विभाजन तक

(C) सम्राट जार्ज पंचम के 1911 के शाही दरबार तक

(D) महात्मा गाँधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के प्रारंभ तक

39. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये :

| सूची I (बाबर द्वारा लड़े गये युद्ध) | सूची II (विरोधी शासक) |
|---|---|
| (*a*) पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 | (1) मेदिनी राय |
| (*b*) खानवा का युद्ध 1527 | (2) महमूद लोदी |
| (*c*) चंदेरी का युद्ध 1528 | (3) राणा सांगा |
| (*d*) घाघरा का युद्ध 1529 | (4) इब्राहीम लोदी |

कूट :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

40. केन्द्र व राज्यों के मध्य होने वाले विवादों का निर्णय करने की सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति किसके अधीन आती है :

(A) परामर्शी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत

(B) मूल अधिकारिता के अंतर्गत

(C) अपीली अधिकारिता के अंतर्गत

(D) रिट अधिकारिता के अंतर्गत

41. 'तख्त-ए-ताऊस' (मयूर सिंहासन) पर बैठने वाला अंतिम मुगल बादशाह कौन था :

(A) बहादुर शाह

(B) जहाँदार शाह

(C) शाह आलम I

(D) मुहम्मद शाह 'रंगीला'

42. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिये :

| सूची I (स्थल) | सूची II (नदी) |
|---|---|
| (*a*) मोहनजोदड़ो | (1) रावी |
| (*b*) कालीबंगा | (2) सिंधु |
| (*c*) लोथल | (3) भोगवा |
| (*d*) हड़प्पा | (4) घग्घर |

कूट :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

43. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) 1556 | (1) हल्दी घाटी का युद्ध |
| (*b*) 1600 | (2) नादिर शाह का दिल्ली पर आक्रमण |
| (*c*) 1686 | (3) शिवाजी का देहांत |
| (*d*) 1739 | (4) ईस्ट इंडिया कंपनी को अधिकारिता (चार्टर) दिया जाना |
| | (5) अकबर का राज्यारोहण |

कूट :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 5 | 1 | 2 | 3 |

44. 'नव निश्चयवाद' अथवा 'रुको और जाओ निश्चयवाद' संकल्पना के प्रतिपादक हैं :

(A) एलन सी. सेंपल

(B) ग्रिफिथ टेलर

(C) रैटजेल

(D) पॉल विडाल-डी-ला-ब्लाश

45. निम्नलिखित में से कौन सा एक विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र नहीं है :

(A) भूमध्य रेखीय प्रदेश

(B) दक्षिण पूर्व एशिया

(C) ध्रुवीय प्रदेश

(D) आटाकाम

46. निम्न कृषि के प्रकारों में से कौन सा प्रकार कर्तन-दहन कृषि का प्रकार है :

(A) विस्तृत जीवन निर्वाह कृषि

(B) मिश्रित कृषि

(C) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि

(D) आदिकालीन निर्वाह कृषि

47. 'बिग इंच' पाइपलाइन के द्वारा परिवहित किया जाता है :

(A) पेट्रोलियम

(B) दूध

(C) जल

(D) तरल पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.)

48. निम्न में से कौन-सा एक समूह भारत में विशालतम भाषाई समूह है :

(A) आस्ट्रिक

(B) चीनी-तिब्बती

(C) द्रविड़

(D) भारतीय-आर्य

49. निम्नलिखित में से किस नगरीय समूह में प्रवासी जनसंख्या का अंश सर्वाधिक है :

(A) बंगलौर नगरीय समूहन

(B) मुंबई नगरीय समूहन

(C) दिल्ली नगरीय समूहन

(D) चेन्नई नगरीय समूहन

50. भारत की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता नगर की परिभाषा का अंग नहीं है :

(A) जनसंख्या का घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

(B) नगरपालिका, नगर निगम का होना

(C) 75 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या का गैर कृषि कार्यों में संलग्न होना

(D) जनसंख्या का आकार 5000 व्यक्तियों से अधिक

51. दिये गये विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो TRIBUNAL शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता :

(A) LATIN

(B) BRAIN

(C) URBAN

(D) TRIBLE

52. यदि अंग्रेजी वर्णमाला A, B, C, D, ........Z को उलटकर सारे स्वर (vowels) निकाल दिए जायें, तो दाएँ से आठवाँ अक्षर कौन-सा होगा :

(A) L

(B) R

(C) K

(D) H

53. नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोष (Dictionary) के क्रम में दर्शाना है। इस हेतु सही विकल्प चुनिए :

(i) Apprehensive

(ii) Approachable

(iii) Approbazion

(iv) Appolo

(v) Anniversary

(A) (i), (iv), (ii), (iii), (v)

(B) (iv), (i), (iii), (ii), (v)

(C) (v), (i), (ii), (iii), (iv)

(D) (v), (iv), (i), (ii), (iii)

54. अक्षरों की निम्न शृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या आएगा :

$$\frac{A}{C}, \frac{B}{F}, \frac{C}{I}, \frac{D}{L}, \frac{E}{?}$$

(A) P

(B) Q

(C) N

(D) O

55. प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे :

4, 196, 16, 169, ?, 144, 64

(A) 21

(B) 81

(C) 36

(D) 32

56. जिस प्रकार 'अनाज' का सम्बन्ध 'भण्डारगृह' से है, उसी प्रकार 'जल' का सम्बन्ध किससे है :

(A) नदी

(B) पीना

(C) बाँध

(D) नहर

**57.** निम्न में असंगत युग्म को छाँटिए :

(A) जीवन-मृत्यु

(B) विष-अमृत

(C) कपड़े-गहने

(D) लाभ-हानि

**58.** यदि एक कूटभाषा में COLUMN को 198327 लिखा जाता है। तो उस कूट भाषा में COMMON को लिखा जायेगा :

(A) 192297

(B) 192298

(C) 192927

(D) 192397

**59.** यदि E = 5 और TEA = 26 तो TEACHER = ?

(A) 75

(B) 59

(C) 60

(D) 57

**60.** रमेश और सुरेश आपस में भाई हैं तथा राखी और गीता आपस में बहनें हैं। रमेश का लड़का गीता का भाई है। सुरेश और राखी का आपस में क्या संबंध हैं :

(A) पिता-पुत्री

(B) चाचा-भतीजी

(C) भाई-बहन

(D) मामा-भान्जी

**61.** यदि बादल को सफेद, सफेद को वर्षा, वर्षा को हरा, हरा को हवा, हवा को नीला और नीला को पानी कहते हैं, तो पक्षी किसमें उड़ते हैं :

(A) बादल

(B) सफेद

(C) नीला

(D) वर्षा

**62.** यदि मोहन अपने घर से सूर्य को मन्दिर के पीछे से उगता हुआ देखता है और उसे रेलवे स्टेशन के पीछे डूबते हुए देखता है, तो रेलवे स्टेशन से मन्दिर किस दिशा में है :

(A) दक्षिण

(B) उत्तर

(C) पूर्व

(D) पश्चिम

63. एक ढेर में पाँच पुस्तकें पड़ी हैं। P, L के ऊपर है और N, M के नीचे है। L, M के ऊपर है और O, N के नीचे है। सबसे नीचे कौनसी पुस्तक है :

(A) L

(B) M

(C) N

(D) O

64. पेड़ों की पंक्ति में एक पेड़ बाएँ छोर से 7वाँ और दाएँ छोर से 14वाँ है। पंक्ति में कुल कितने पेड़ हैं :

(A) 18

(B) 19

(C) 20

(D) 21

65. चार व्यक्ति P, Q, R, S एक टेबल के चारों ओर बैठे हैं। P के सामने R है, तो कौन सा कथन सही है :

(A) P, Q का पड़ोसी नहीं है

(B) P, R का पड़ोसी नहीं है

(C) P, S का पड़ोसी नहीं है

(D) P, R का पड़ोसी है

66. निम्न विकल्पों में से कौन सा विकल्प नीचे दिये हुए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है :

1. कभी नहीं
2. कभी-कभी
3. सामान्यत:
4. यदा-कदा
5. हमेशा

(A) 5, 2, 1, 3, 4

(B) 5, 3, 2, 1, 4

(C) 5, 3, 2, 4, 1

(D) 5, 2, 4, 3, 1

67. नीचे दिये प्रश्न में एक पता दिया गया है, जिसके 4 विकल्प हैं। केवल एक विकल्प नीचे दिये गये पते का सही प्रतिरूप है। शुद्ध विकल्प छाँटिये :

Mr. W. S. Allen
8/81, Punjabi Bagh, Bombay 538109


(A) Mr. W. S. Allan
8/81, Punjabi Bagh, Bombay 538109

(B) Mr. W. S. Allen
8/81, Punjabi Bagh, Bombay 538109

(C) Mr. W. S. Allen
8/81, Punjabi Bagh, Bombay 538190

(D) Mr. W. S. Allen
81/8, Punjabi Bagh, Bombay 538109

68. नीचे दिये गये पासे में एक ही पासे के दो प्रारूपों को दर्शाया गया है। इन प्रारूपों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करके यह ज्ञात करें कि यदि पासे के ऊपरी फलक पर बिन्दुओं (Dots) की संख्या 5 हो, तो इसके निचले फलक पर स्थित बिन्दुओं की संख्या क्या होगी :



(A) 1
(B) 2
(C) 3
(D) 6

69. दिल्ली के लिए बस हर 3½ घण्टे बाद जाती है। 20 मिनट पहले दिल्ली के लिए बस गई है। टाइम टेबिल के अनुसार अगली बस शाम को 6 : 30 पर जायेगी। यह सूचना किस समय दी गई है :

(A) अपराह्न 2:40 बजे
(B) अपराह्न 3:20 बजे
(C) सायं 6:10 बजे
(D) अपराह्न 3:00 बजे

70. यदि एक दर्पण में देखने से प्रतीत होता है कि घड़ी में उस समय 9 बजकर 30 मिनट हुए हैं तो घड़ी में वास्तविक समय क्या है :

(A) 2 बजकर 30 मिनट
(B) 6 बजकर 20 मिनट
(C) 6 बजकर 10 मिनट
(D) 3 बजकर 30 मिनट

**निर्देश ( प्रश्न संख्या 71-73 ) :** निम्नलिखित जानकारियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) L, M, N, O और P पाँच व्यक्तियों का एक समूह है।

(ii) इनमें से एक उद्यान कृषि विशेषज्ञ है, एक भौतिक विज्ञानी है, एक सम्पादक है, एक व्यवसायी है तथा एक वकील है।

(iii) इनमें से तीन L, N तथा वकील कॉफी की अपेक्षा चाय पसन्द करते हैं। जबकि M तथा सम्पादक चाय की अपेक्षा कॉफी पसन्द करते हैं।

(iv) व्यवसायी, L और O आपस में एक-दूसरे के मित्र हैं, परन्तु उनमें दो चाय की अपेक्षा कॉफी पसन्द करते हैं।

(v) उद्यान कृषि विशेषज्ञ N का भाई है।

71. व्यवसायी, निम्नलिखित में से कौन है :

(A) O
(B) L
(C) M
(D) N

72. निम्न में भौतिक विज्ञानी कौन है :

(A) O
(B) P
(C) N
(D) L

73. निम्न समूहों में कौन सा एक ऐसा समूह है जो कि चाय पसन्द करता है और जिसमें वकील नहीं है :


(A) M, N

(B) M, O

(C) O, P

(D) L, N

74. दिए गये विकल्पों में से लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिए :




(A) 7

(B) 8

(C) 9

(D) 12

75. शान 55 वर्ष का है, साथियाँ, शान से 5 वर्ष छोटा है और बालन से 6 वर्ष बड़ा है। बालन का सबसे छोटा भाई देवन है, जो उससे 7 वर्ष छोटा है। देवन और शान के बीच आयु में कितना अन्तर है :

(A) 18 वर्ष

(B) 15 वर्ष

(C) 13 वर्ष

(D) 7 वर्ष

76. रवि के जीवन का एक-चौथाई $\left(\frac{1}{4}\right)$ भाग एक लड़के की तरह, पाँचवा $\left(\frac{1}{5}\right)$ भाग एक किशोर की तरह, एक तिहाई $\left(\frac{1}{3}\right)$ भाग एक पुरुष की तरह और तेरह (13) वर्ष बुढ़ापे में बीता। उसकी वर्तमान आयु है :

(A) 70 वर्ष

(B) 80 वर्ष

(C) 60 वर्ष

(D) 65 वर्ष

77. निम्नलिखित श्रेणी में कितने 7 ऐसे हैं, जो सम संख्या से पहले आये हैं परन्तु विषम संख्या के बाद नहीं आये हैं :

4 3 7 5 2 3 7 2 1 3 6 7 5 4 2 7 1 2 2 7 6 5 7 2

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

78. यदि बीते कल से पहले दिन (परसों) बुधवार था तो रविवार कब होगा :


(A) आज

(B) आने वाला कल

(C) आने वाले कल के बाद अगले दिन

(D) आने वाले कल के दो दिन बाद

**79.** एक वर्गाकार खेत में चार व्यक्ति P, Q, R, S हर भुजा के मध्य में खड़े हैं। आपको ध्यान रखना है कि चित्र में दर्शाए अनुसार दिशाओं का पालन किया जाना है :




यदि P दक्षिणावर्त (clockwise) 2½ भुजाएँ चलता है और S वामावर्त (anticlockwise) 2½ भुजायें चलता है, तो वे क्रमश: होंगे :

(A) दक्षिण और पश्चिम दिशा में

(B) उत्तर और पूर्व दिशा में

(C) दक्षिण और उत्तर दिशा में

(D) उत्तर और पश्चिम दिशा में

**80.** गीता, सीता से अधिक सुन्दर है लेकिन रीता जितनी सुन्दर नहीं है, तो :

(A) सीता, रीता से ज्यादा सुन्दर है

(B) रीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है

(C) गीता, रीता से ज्यादा सुन्दर है

(D) सीता, गीता जितनी सुन्दर नहीं है

**81.** चार टीमों $T_1$, $T_2$, $T_3$ तथा $T_4$ ने एक क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिया। टीम $T_3$ ने सबसे कम रन बनाये। टीम $T_2$ ने टीम $T_4$ से अधिक रन बनाये, परन्तु टीम $T_1$ के बराबर नहीं बना पाये। कौन सी टीम ने तीसरे सबसे अधिक रन बनाये :

(A) टीम $T_1$

(B) टीम $T_2$

(C) टीम $T_3$

(D) टीम $T_4$

**82.** निम्नलिखित में असंगत का चयन कीजिए :

(A) पीतल

(B) चाँदी

(C) ताँबा

(D) लोहा

**83.** सायंकाल साढ़े आठ बजे घड़ी के घण्टे एवं मिनट की सुइयों के बीच का कोण होगा :

(A) 90°


(B) 60°

(C) 85°


(D) 75°

84. नीचे दी गई प्रश्न–आकृतियों में यदि क्रम जारी रहा तो उसके नीचे दी गयी उत्तर–आकृतियों में से कौन सी उत्तर–आकृति रिक्त स्थान (?) में आयेगी :

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(A) (B) (C) (D)

85. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 31523 को COW लिखा जाए, 31215311 को CLOCK लिखा जाये तो 1497820 को कैसे लिखा जायेगा :

(A) APPLE
(B) NIGHT
(C) LIGHT
(D) BEFORE

86. निम्नलिखित में '?' चिन्ह के स्थान पर कौन सा गणितीय चिन्ह आयेगा :

$2 ? 6 - 12 \div 4 + 2 = 11$


(A) +
(B) –
(C) ×
(D) ÷

87. दिए गए शब्द को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में क्रमबद्ध किया जाये तो CHEMISTRY शब्द का बाएं से दांयी ओर पाँचवा अक्षर कौन सा होगा :


(A) I
(B) M
(C) R
(D) S

निर्देश : (प्रश्न संख्या 88-89) : प्रश्न आकृति में दो युग्म आकृतियाँ दी गयी हैं। प्रथम युग्म की आकृतियाँ जिस प्रकार एक दूसरे से संबंधित हैं, उसी सम्बन्ध के आधार पर द्वितीय युग्म की दूसरी आकृति का चयन उत्तर-आकृतियों में से कीजिये :

88. प्रश्न-आकृतियाँ :




उत्तर आकृतियाँ :




(A) (B) (C) (D)

89. प्रश्न-आकृतियाँ :



उत्तर-आकृतियाँ :




(A) (B) (C) (D)

**निर्देश ( प्रश्न संख्या 90-92 ) :** दिए गए आरेख में तीन प्रकार के लोग, तीन आकृतियों द्वारा प्रदर्शित हैं।

त्रिभुज : स्कूल शिक्षक

चतुर्भुज : विवाहित व्यक्ति

वृत्त : जो व्यक्ति संयुक्त परिवार में रह रहे हैं




**90.** विवाहित व्यक्ति जो कि संयुक्त परिवार में रह रहे हैं किन्तु स्कूल के शिक्षक नहीं है, किसके द्वारा प्रदर्शित हैं :

(A) f

(B) d

(C) a

(D) c

**91.** ऐसे स्कूल शिक्षक जो कि ना तो विवाहित हैं और ना ही संयुक्त परिवार में रहते हैं, किसके द्वारा प्रदर्शित होते हैं :

(A) f

(B) c

(C) b

(D) a

**92.** अविवाहित व्यक्ति जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं किन्तु स्कूल शिक्षक नहीं हैं, किसके द्वारा प्रदर्शित हैं :

(A) c


(B) b

(C) e


(D) d

**93.** दी गयी उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिये जिसमें प्रश्न-आकृति निहित है :

**प्रश्न आकृति :**




**उत्तर आकृतियाँ :**




(A) (B) (C) (D)

**94.** दी गयी चार उत्तर-आकृतियों में से कौन सी आकृति प्रश्न-आकृति में दिये गये टुकड़ों से बनायी जा सकती है :

**प्रश्न आकृति :**




**उत्तर आकृतियाँ :**



(A) (B) (C) (D)

**95.** निम्नलिखित आकृति में कितने वर्ग हैं :




(A) 5
(B) 9
(C) 6
(D) 3


**96.** देश का राष्ट्रपति से वही सम्बन्ध है, जो राज्य का :
(A) मुख्यमंत्री से
(B) प्रधानमंत्री से
(C) राज्यमंत्री से
(D) राज्यपाल से

**निर्देश (प्रश्न संख्या 97-98) :** निम्न प्रश्नों में कौन सी उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

**97.** प्रश्न आकृति :




उत्तर आकृतियाँ :




(A) (B) (C) (D)

**98.** प्रश्न आकृति :




उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)


**99.** दी गयी आकृतियों में से विषम आकृति ज्ञात कीजिये :




(A) (B) (C) (D)

**100.** कौन सी उत्तर आकृति, दिये गये प्रश्न आकृति के आव्यूह में विलुप्त आकृति (?) की पूर्ति करती है :

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

**101.** यदि किसी माह का तीसरा सोमवार 15वाँ दिन है, तो माह का 5वाँ दिन क्या है :

(A) मंगलवार

(B) शुक्रवार

(C) बुधवार

(D) बृहस्पतिवार

**102.** एक सीधी पंक्ति में 10 मीटर के अन्तराल पर बच्चे खड़े हैं। प्रथम तथा 10वें बच्चे के बीच कितनी दूरी होगी :

(A) 80 मीटर

(B) 90 मीटर

(C) 100 मीटर

(D) इनमें से कोई नहीं

**103.** यदि ₹ 2160 को $\frac{1}{3}:\frac{1}{4}:\frac{1}{6}$ के अनुपात में बांटा जाए, तो पहले हिस्से का मान होगा :

(A) 480

(B) 720

(C) 960

(D) 240

**104.** यदि किसी संख्या के 200% का मान 90 है, तो उसका 80% कितना होगा :

(A) 36

(B) 72

(C) 90

(D) 144

**105.** एक कार की गति 90 किमी प्रति घंटा है। वह 10 सेकण्ड में कितनी दूरी तय कर लेगी :

(A) 200 मीटर

(B) 210 मीटर

(C) 230 मीटर

(D) 250 मीटर

**106.** 5, 3, 9, 7, 8, 1 की माध्यिका क्या होगी :

(A) 5

(B) 8

(C) 7

(D) 6

**107.** दो संख्याओं का ल.स.प. उनके म.स.प. का 10 गुना है और ल.स.प. व म.स.प. का योग 176 है। यदि उनमें से एक संख्या 80 हो तो दूसरी संख्या क्या होगी :

(A) 16

(B) 32

(C) 48

(D) 64

**108.** यदि $\sqrt{1+\sqrt{x}}=3$ हो तो x का मान होगा :

(A) 2

(B) 9

(C) $\sqrt{8}$

(D) 64

**109.** संख्या 69 के लिए रोमन संख्या क्या होगी :

(A) LXIX

(B) CXIX

(C) XLIX

(D) XLXI

**110.** वर्ष 2016 में किसी नगर की जनसंख्या 17.3 मिलियन है, यह जनसंख्या निम्न के बराबर होगी :

(A) 1,73,000

(B) 1,73,000,000

(C) 1,73,00,000

(D) 17,30,000

**111.** एक टंकी के $\frac{3}{5}$ भाग की धारिता 1800 लीटर है। उसके आधे भाग की धारिता क्या होगी :

(A) 1500 लीटर

(B) 2250 लीटर

(C) 9000 लीटर

(D) 3000 लीटर

**112.** यदि $27^x = \frac{9}{3^x}$ तो x का मान होगा :


(A) $\frac{3}{2}$

(B) $-\frac{3}{2}$

(C) $-\frac{1}{2}$

(D) $\frac{1}{2}$

**113.** चित्र में यदि O वृत्त का केन्द्र है, तो चित्र में x का मान होगा :




(A) 40°

(B) 50°

(C) 70°

(D) 100°

**114.** दो संख्याओं का योगफल 32 है। उनमें से यदि एक संख्या –40 है, तो दूसरी संख्या है :

(A) 72

(B) –8

(C) 8

(D) –72

**115.** किसी वृत्त की परिधि 3 सेमी है तो इसका क्षेत्रफल है :

(A) $\frac{3\pi}{2}$ सेमी$^2$

(B) $\frac{9\pi}{4}$ सेमी$^2$

(C) $\frac{4}{9\pi}$ सेमी$^2$

(D) $\frac{9}{4\pi}$ सेमी$^2$

**116.** यदि 7, 11, 15, x, 14, 21, 25 का औसत 15 है, तो x का मान होगा :

(A) 12

(B) 13

(C) 13.3

(D) 14.5

**117.** $\frac{\sqrt{5}+1}{\sqrt{5}-1}-\frac{\sqrt{5}-1}{\sqrt{5}+1}$ का मान होगा :

(A) $2\sqrt{5}$

(B) $4\sqrt{5}$

(C) $\frac{1}{\sqrt{6}}$

(D) $\frac{\sqrt{5}}{2}$

**118.** एक पासे को एक बार फेंका जाता है, तो 5 से छोटी संख्या आने की प्रायिकता क्या होगी :

(A) $\frac{1}{2}$

(B) $\frac{2}{3}$

(C) 1

(D) इनमें से कोई नहीं

**119.** कितने समय में कोई धनराशि साधारण ब्याज की 15% वार्षिक दर से स्वयं से तीन गुने के बराबर हो जायेगी :

(A) $6\frac{1}{3}$ वर्ष

(B) $13\frac{2}{3}$ वर्ष

(C) $13\frac{1}{3}$ वर्ष

(D) 13 वर्ष

**120.** एक संख्या के चौथे भाग व पाँचवे भागों का योग तीसरे भाग से 28 अधिक है, संख्या क्या होगी :

(A) 160

(B) 220

(C) 240

(D) 120

**121.** दो बेलनों के आधार की त्रिज्याओं में 9 : 4 का अनुपात है। यदि उनके आयतन समान हों तो उनकी ऊँचाइयों में क्या अनुपात है :

(A) 16 : 81

(B) 16 : 18

(C) 18 : 8

(D) 27 : 64

**122.** दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 और 4 घण्टों में अलग अलग भर सकते हैं। यदि दोनों नल एक साथ खोल दिये जायें तो टंकी कितने मिनट में भर जाएगी :

(A) 54 मिनट

(B) 72 मिनट

(C) 60 मिनट

(D) 80 मिनट

**123.** 18 सेमी कोर वाले दो घनों को सिरे से सिरे मिलाकर जोड़ दिया गया है। परिणामी घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल है :

(A) 3240 वर्ग सेमी

(B) 2404 वर्ग सेमी

(C) 3260 वर्ग सेमी

(D) 3204 वर्ग सेमी

**124.** $x^{(b-c)a} \times x^{(c-a)b} \times x^{(a-b)c}$ का मान होगा :

(A) 1

(B) $x^{a+b+c}$

(C) $x^{abc}$

(D) 0

125. एक त्रिभुज की भुजाओं में अनुपात 13 : 14 : 15 है। इसका परिमाप 84 सेमी है। त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा :

(A) 338 वर्ग सेमी

(B) 184 वर्ग सेमी

(C) 552 वर्ग सेमी

(D) 336 वर्ग सेमी

126. यदि किन्हीं आँकड़ों का बहुलक 15 व माध्यिका 15 हो तो उसका माध्य होगा :

(A) 30

(B) 15

(C) 7.5

(D) 45

127. दी गई भुजाओं की मापों में से किस माप से त्रिभुज संभव है :

(A) 2 सेमी, 3 सेमी, 5 सेमी

(B) 6 सेमी, 3 सेमी, 2 सेमी

(C) 3 सेमी, 6 सेमी, 7 सेमी

(D) 4 सेमी, 5 सेमी, 9 सेमी

128. 70 लीटर मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 4 : 1 है। यदि इस मिश्रण में 7 लीटर पानी और मिला दिया जाये, तो दूध और पानी में क्या अनुपात होगा :

(A) 3 : 8

(B) 8 : 3

(C) 8 : 1

(D) 1 : 8

129. 10 वस्तुओं का क्रय मूल्य 9 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए :

(A) 11%

(B) $11\frac{2}{3}\%$

(C) $11\frac{1}{2}\%$

(D) $11\frac{1}{9}\%$

130. कक्षा में लड़कों की संख्या, लड़कियों की संख्या की चार गुनी है। निम्न में से कौन सी संख्या कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या नहीं हो सकती :

(A) 40

(B) 45

(C) 42

(D) 50

131. 3 दिनों का कितना प्रतिशत 18 घण्टे होगा :

(A) 6%

(B) $16\frac{2}{3}\%$

(C) 25%

(D) 54%

132. 11 से 50 तक ऐसी कितनी संख्यायें हैं, जो 5 से पूरी तरह विभाजित हो जाती हैं और उस संख्या के दोनों अंकों का योग भी 5 हो :

(A) शून्य

(B) एक

(C) आठ

(D) चार

133. 10 सेमी वर्षा होने पर 1 हेक्टेयर भूमि पर पड़े पानी का आयतन होगा :

(A) 100 घन सेमी

(B) 100 घन मीटर

(C) 1000 घन सेमी

(D) 1000 घन मीटर

134. एक 7 मीटर त्रिज्या वाले अर्धवृत्ताकार पार्क के 18 मीटर प्रति सेकण्ड की चाल से पाँच चक्कर लगाने में लगा समय होगा :

(A) 10 सेकण्ड

(B) 5 सेकण्ड

(C) 30 सेकण्ड

(D) 14 सेकण्ड

135. व्यंजक $\frac{(-1)^{134}}{5^{-1}+4^{-1}}$ का मान है :

(A) $\frac{9}{20}$

(B) $\frac{20}{9}$

(C) $\frac{1}{9}$

(D) 9

136. प्रथम चार अभाज्य संख्याओं का योग है :

(A) 11

(B) 16

(C) 17

(D) 26

**137.** 3 सेमी, 4 सेमी और 5 सेमी भुजा वाले तीन घन एक धातु के बने हैं। इनको पिघलाकर एक नया घन तैयार किया जाता है तो इस घन की भुजा होगी :


(A) 6 सेमी

(B) 7 सेमी

(C) 7.5 सेमी

(D) 8 सेमी

**138.** निम्न चित्र P तथा Q, दी गयी आय से विभिन्न वस्तुओं पर किये गये व्ययों को दर्शाते हैं :




कौन सा निष्कर्ष सही है :

(A) P, खाद्यान्नों पर Q से ज्यादा खर्च करता है।

(B) Q, कपड़े और किराये पर समान रूप से खर्च करता है।

(C) P का किराए एवं कपड़े पर खर्च, Q के खाद्यान्न पर खर्च के बराबर है।

(D) P का कपड़े पर खर्च Q से कम है।

**139.** निम्नलिखित में किसका मान अधिकतम होगा :

(A) 0.001

(B) $\frac{1}{10000}$

(C) $\frac{1}{10^6}$

(D) $\frac{1}{10^6} \div 0.1$

**140.** $\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}}$ का मान होगा :

(A) 12

(B) 14

(C) 16

(D) 18

**141.** एक आलमारी को उसके अंकित मूल्य पर 5% बट्टा देकर ₹ 5225 में बेचा जाता है। आलमारी का अंकित मूल्य होगा :

(A) ₹ 5450

(B) ₹ 5375

(C) ₹ 5500

(D) ₹ 5350

**142.** चुनाव में दो उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार जिसने कुल मतों के 84% वोट प्राप्त किये, वह दूसरे उम्मीदवार से 476 वोट के अन्तर से जीता। चुनाव में कुल कितने वोट पड़े :

(A) 900

(B) 810

(C) 600

(D) 700

**143.** एक वृत्ताकार तार जिसका व्यास 112 सेमी है, को काटकर फिर मोड़कर एक आयत बनाया गया, जिसकी भुजायें 9 : 7 के अनुपात में हैं। आयत की चौड़ाई होगी :

(A) 77 सेमी

(B) 97 सेमी

(C) 67 सेमी

(D) 87 सेमी

144. $5\frac{3}{4}$, $4\frac{4}{5}$ और $7\frac{3}{8}$ के योग में कौन सा भिन्न जोड़ा जाये कि परिणाम एक पूर्ण संख्या आये :

(A) $\frac{1}{40}$

(B) $\frac{1}{20}$

(C) $\frac{3}{40}$

(D) $\frac{1}{10}$

145. एक मेज को ₹ 600 में बेचने पर उतने ही प्रतिशत लाभ होता है, जितने रुपये में मेज को खरीदा गया। मेज का क्रय मूल्य है :

(A) ₹ 150

(B) ₹ 200

(C) ₹ 250

(D) ₹ 300

146. यदि $P : Q = 3 : 4$ तथा $Q : R = 8 : 9$ तो $R : P$ है :

(A) 3 : 1

(B) 1 : 3

(C) 2 : 3

(D) 3 : 2

147. $\sqrt[3]{\frac{7}{875}}$ का मान है :

(A) $\frac{1}{15}$

(B) $\frac{1}{3}$

(C) $\frac{1}{4}$

(D) $\frac{1}{5}$

148. यदि एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई दोनों को दो गुना कर दिया जाये तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी :

(A) 400%

(B) 300%

(C) 200%

(D) 100%

149. $\frac{2}{3} \times \frac{3}{\frac{5}{6} \div 1\frac{1}{4} \text{ का } \frac{2}{3}}$ का मान है :

(A) $\frac{1}{2}$

(B) $\frac{2}{3}$

(C) 1

(D) 2

150. यदि दो सम्पूरक कोणों में 44° का अन्तर है तो उनमें से एक कोण है :

(A) 46°

(B) 67°

(C) 68°

(D) 102°

151. अगर कक्षा में एक छात्र लगातार अपनी आँखें रगड़ता है और श्यामपट्ट पर दिये हुए कार्य पर ध्यान नहीं देता है तो वह है :

(A) समायोजनात्मक समस्या

(B) श्रव्य समस्या/बहरापन

(C) दृश्य समस्या

(D) उपरोक्त समस्त

152. शिक्षक होने पर मैं अपनी कक्षा के उन विद्यार्थियों को पसंद करुँगा/करुँगी जो :

(A) उच्च परिवार से संबंधित हों

(B) सुन्दर व आकर्षक हों

(C) आज्ञाकारी हों

(D) कक्षा में क्रियाशील हों

153. निम्न विधियों में शिक्षण की कौन-सी ऐसी विधि है जिसमें कि हम छात्रों को अधिक से अधिक भाग लेने का अवसर दे सकते हैं :

(A) प्रदर्शन विधि

(B) निगमन विधि

(C) प्रश्नोत्तर विधि

(D) विश्लेषण विधि

154. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है :

(A) पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या का परिशिष्ट है

(B) पाठ्यचर्या सभी शैक्षिक संस्थानों में समान रहती है

(C) पाठ्यचर्या में औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा दोनों शामिल होती हैं

(D) पाठ्यचर्या में मूल्यांकन के ढंग शामिल नहीं होते

155. यदि छात्र आपकी कक्षा में उपस्थित न हों, तो एक अध्यापक के नाते आप क्या करेंगे :

(A) छात्रों को उनकी अनुपस्थिति के लिए दोषी ठहराएंगे

(B) छात्रों की वर्तमान अभिवृत्ति को देखते हुए चुप रहेंगे

(C) अध्यापन की कुछ रूचिकर विधियों का प्रयोग करने के बारे में सोचेंगे

(D) कारणों को जानने तथा उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे

156. विद्यार्थियों का सर्वोत्तम मूल्यांकन निम्नलिखित पद्धतियों में से किससे किया जा सकता है :

(A) पाठ्यक्रम के अन्त में मूल्यांकन

(B) वर्ष में दो बार मूल्यांकन

(C) सतत एवं व्यापक मूल्यांकन

(D) निर्माणात्मक मूल्यांकन

157. मान लें कि एक विद्यार्थी अपनी समस्याओं को अपने अध्यापक के साथ बाँटना चाहता है और इसके लिए वह अध्यापक के पास जाता है, तो अध्यापक को :

(A) विद्यार्थी के माता-पिता से सम्पर्क करके उसकी समस्या का समाधान करना चाहिए

(B) उसे बताए कि वो उसके घर कभी न आये

(C) उसे बताए कि वो प्रधानाध्यापक से मिले और समस्या का हल करे

(D) उसे युक्ति संगत सहायता दे और उसके मनोबल को प्रोत्साहित करे

158. जब कुछ विद्यार्थी शरारत करके कक्षा के अनुशासन को जानबूझ कर भंग करने की चेष्टा कर रहे हों तो एक अध्यापक के रूप में आपकी भूमिका क्या होगी :

(A) उन विद्यार्थियों को विद्यालय से निकालना

(B) उन विद्यार्थियों को पृथक रखना

(C) अपनी सत्ता के साथ उस समूह का सुधार करना

(D) उन्हें आत्मपरीक्षण का अवसर देना और उनके व्यवहार में सुधार लाना

159. कार्यशालाएँ किसके लिए आयोजित की जाती हैं :

(A) व्याख्यान देने

(B) बहु-लक्ष्यांक समूह

(C) नये सिद्धान्त प्रदर्शित करने

(D) प्रशिक्षण/अनुभव प्रदान करने

160. कक्षा में कुछ छात्र बहुत अधिक सीखने की जिज्ञासा प्रदर्शित करते हैं। यह इसलिए हो सकता है कि छात्र :

(A) प्रतिभाशाली हैं

(B) धनी परिवारों के हैं

(C) बनावटी व्यवहार करते हैं

(D) कक्षा में उद्दण्डता पैदा करना चाहते हैं

**161.** एक अध्यापक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है :

(A) विषय का गूढ़ ज्ञान

(B) अच्छी सम्प्रेषण क्षमता

(C) छात्र कल्याण की चिन्ता

(D) प्रभावी नेतृत्व के गुण

**162.** शिक्षक-छात्र सम्बन्धों के सन्दर्भ में निम्न में से कौन सी बात सही है :

(A) बहुत अनौपचारिक तथा निकट

(B) कक्षा कक्ष तक सीमित

(C) सद्भावपूर्ण तथा सम्मानपूर्ण

(D) उदासीन

**163.** छात्रों की शैक्षिक निष्पत्ति में सुधार लाया जा सकता है यदि उनके माँ-बाप को प्रेरित किया जाए :

(A) अपने बच्चों के कार्य के निरीक्षण के लिए

(B) अतिरिक्त ट्यूशन की व्यवस्था करें

(C) इसके बारे में चिन्ता न करें

(D) बार बार अध्यापक के साथ अंत: क्रिया करें

**164.** एक सजीव कक्षा की स्थिति में यह हो सकता है कि :

(A) समय समय पर हँसी के फव्वारे उड़ें

(B) सम्पूर्ण शान्ति रहे

(C) बार-बार छात्र-शिक्षक वार्तालाप हो

(D) छात्रों में जोर-जोर से वाद-विवाद हो

**165.** कक्षा में प्रभावी अनुशासन के लिए अध्यापक को चाहिए कि :

(A) छात्रों को जो चाहें करने दें

(B) छात्रों के साथ कठोर व्यवहार करें

(C) छात्रों को कुछ समस्याएँ हल करने को दें

(D) उनसे नरमी के साथ दृढ़ता बरतें

**166.** प्रभावी शिक्षण-सहायक सामग्री वह है, जो :

(A) रंग बिरंगी तथा देखने में अच्छी हो

(B) सभी ज्ञानेन्द्रियों को सक्रिय करती हो

(C) सभी छात्रों को दिखाई देती हो

(D) बनाने तथा प्रयोग करने में आसान हो

167. छात्रों में वे अध्यापक लोकप्रिय होते हैं, जो :

(A) उनके साथ निकटता बना लेते हैं

(B) उनकी समस्याओं के समाधान में सहायक होते हैं

(C) अच्छे अंक प्रदान करते हैं

(D) उन्हें अतिरिक्त शुल्क पर ट्यूशन पढ़ाते हैं

168. एक प्रभावी कक्षा-कक्ष के वातावरण का मूल तत्व है :

(A) शिक्षण सामग्री की विविधता

(B) शिक्षक-छात्रों की सजीव अन्त: क्रिया

(C) सम्पूर्ण शान्ति

(D) सख्त (कठोर) अनुशासन

169. यदि कक्षा के पहले दिन छात्र किसी अध्यापक को स्वयं का परिचय देने के लिए कहें तो अध्यापक को चाहिए कि वह :

(A) उन्हें कक्षा के बाद मिलने के लिए कहे

(B) संक्षेप में अपने बारे में बताए

(C) इस माँग की उपेक्षा करे तथा पढ़ाना शुरु करे

(D) इस प्रकार की अनिष्ट मांग के लिए उन्हें डांटे

170. बच्चों में नैतिक मूल्यों का प्रभावी रूप से विकास किया जा सकता है, यदि अध्यापक :

(A) बार-बार मूल्यों की बात करे

(B) स्वयं उन पर आचरण करे

(C) महान व्यक्तियों की कहानी सुनाये

(D) देवी-देवताओं की बात करे

171. यदि छात्रों के एक समूह में कुछ मन्दबुद्धि और कुछ प्रतिभाशाली छात्र हैं, तो अध्यापक के लिए क्या बेहतर होगा :

(i) शिक्षण के स्तर को ऊँचा रखना ताकि मन्दबुद्धि छात्र ऊपर उठकर बराबरी पर आ जाए

(ii) शिक्षण के स्तर को नीचा रखना ताकि प्रत्येक छात्र समझ सके

(iii) शिक्षण को मध्यम स्तर पर रखना ताकि प्रतिभाशाली छात्रों को अधिक नीरस न लगे

(iv) मन्दबुद्धि छात्रों के लिए अतिरिक्त शिक्षण का प्रबन्ध करना

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iv)

(C) (iii) और (iv)

(D) इनमें से कोई नहीं

172. औपचारिक शिक्षण की पहचान है :

(A) निश्चित स्थान

(B) निश्चित लक्ष्य

(C) निश्चित समय सारणी

(D) ये सभी

173. पाठ्य-पुस्तकों के विषय में कौन-सा कथन अनुचित होगा :

(A) पाठ्य-पुस्तकों की सहायता से एक निश्चित समय में विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है

(B) पाठ्य-पुस्तकों की सहायता से विद्यार्थी कक्षा में सुनी हुई बातों को घर पर भी समझ सकता है तथा पुनरावृत्ति का कार्य आसानी से कर सकता है

(C) पाठ्य-पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान पूर्ण रूप से व्यवहारिक होता है, अतः उसकी अत्यधिक उपयोगिता है

(D) अधिकांशतः यह पाया जाता है कि पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति को बढ़ाता है

174. पाठ योजना से तात्पर्य है :

(A) पढ़ाये जाने वाले पाठ को स्वयं पढ़कर जाना

(B) उन सभी बातों का विवरण तैयार करना जिन्हें शिक्षक कक्षा के अन्दर एक निश्चित समय में पूरा करने की इच्छा रखता है

(C) छात्रों से पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों के ब्यौरेवार उत्तर तैयार करना

(D) छात्रों से पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों की सूची तैयार करना

175. समस्या-समाधान अधिगम का प्रत्यक्ष सम्बन्ध है :

(A) चिन्तन स्तर से

(B) स्मृति से

(C) अवबोध स्तर से

(D) इनमें से कोई नहीं

176. एक अच्छे अध्यापक को पाठ्य-पुस्तकों के अतिरिक्त सन्दर्भ पुस्तकें भी पढ़नी चाहिए क्योंकि :

(A) इससे ज्ञान की वृद्धि होती है

(B) इससे समय नष्ट करने में सहायता मिलती है

(C) अधिक ज्ञान से अध्यापक छात्रों को उलझा सकता है

(D) उपरोक्त सभी

177. कौन-सा गुण आप छात्रों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते हैं :

(A) स्वतंत्र रूप से विचार करना

(B) विश्वसनीयता

(C) आज्ञाकारिता

(D) परिश्रम

178. विद्यालय में बच्चों की रूचि बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए :

(A) बच्चों को विद्यालय में रोककर रखा जाना चाहिए

(B) विद्यालय का वातावरण बच्चों के अनुकूल होना चाहिए

(C) बच्चों के माता-पिता को विद्यालय आने से रोका जाना चाहिए

(D) उपरोक्त सभी

179. एक शिक्षक के रुप में आप छात्रों को किस प्रकार के गृह कार्य की संस्तुति करेंगे :

(A) कठिन एवं समय व्यतीत करने में सहायक

(B) किताबी व अरोचक

(C) मनोरंजनात्मक, सरल एवं उपयोगी

(D) विस्तृत, उत्तेजक एवं स्वयं सीखने में सहायक

180. "शिक्षक को शिक्षण से पूर्व अपने विद्यार्थियों का स्तर अवश्य जानना चाहिए।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं :

(A) पूर्णतया

(B) सामान्यतया

(C) आंशिक

(D) बिल्कुल नहीं

181. बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए आवश्यक है :

(A) बच्चों के सामने छोटी-छोटी समस्याएँ रखी जाएँ

(B) बच्चों के द्वारा किए गए सम्भावित समाधानों का परीक्षण करके

(C) बच्चों को सम्भावित समाधानों हेतु प्रेरित करके

(D) उपरोक्त सभी

182. शिक्षण का आधार होना चाहिए :

(A) पाठ्यक्रम

(B) बालक

(C) परीक्षा

(D) अध्यापक की रूचि

**183.** दिव्यांग बच्चों के साथ शिक्षक का उपयुक्त व्यवहार होगा :

(A) प्रेम व स्नेहपूर्ण

(B) खीझपूर्ण

(C) क्रोधपूर्ण

(D) उदासीनतापूर्ण

**184.** एक अच्छी पाठ्य-पुस्तक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए :

(A) आकर्षक रूप से सजी हुई

(B) चित्रों से भरी हुई

(C) रोचक उदाहरणों से भरी हुई

(D) त्रुटियों से रहित

**185.** जो छात्र पढ़ने में कुछ कमजोर हों, उनके प्रति आपका दृष्टिकोण होगा :

(A) उपेक्षित

(B) कठोर

(C) दया का

(D) सहानुभूति व सहायता का

**186.** कोई विद्यार्थी भावी अध्ययन हेतु अपने विषयों का चयन करने में आपसे मदद चाहता है, आप :

(A) विद्यार्थी को बताएँगे कि यह आपका काम नहीं है

(B) उसे व्यावसायिक सलाह एजेंसी से सलाह लेने को कहेंगे

(C) उसे इस सम्बन्ध में अपने माता-पिता से बात करने को कहेंगे

(D) विद्यार्थी के लक्ष्य को चिन्हांकित करने का प्रयत्न करेंगे तथा उसे कुछ विकल्पों से परिचित कराएँगे

**187.** एक कुशाग्र विद्यार्थी यदि कक्षा में अनुशासनहीन हो रहा है तो आप :

(A) उसकी समस्या को समझना चाहेंगे

(B) उसके अभिभावक को सूचित करेंगे

(C) उस पर कोई ध्यान नहीं देंगे

(D) प्रधानाचार्य को सूचित करेंगे

**188.** गृहकार्य को प्रतिदिन जाँचना आवश्यक है क्योंकि :

(A) यह शिक्षक का अनिवार्य कर्त्तव्य है

(B) इससे छात्र समय पर कार्य करने के लिए बाध्य हो जाते हैं

(C) इससे छात्रों में तात्कालिक अशुद्धियों एवं त्रुटियों को दूर करने का गुण विकसित हो जाता है

(D) इससे शिक्षक के लिए अधिक जाँचकार्य एकत्र नहीं हो पाता है

189. कक्षा शिक्षण की उत्तम प्रणाली यह है जिसमें :

(A) प्रश्नोत्तर की आवश्यकता न पड़े

(B) अध्यापक छात्रों से प्रश्न पूछे

(C) छात्र अध्यापक से समस्या समाधान करे

(D) अध्यापक व छात्र दोनों प्रश्न पूछें

190. सामूहिक खेलकूद से बच्चों को निम्नलिखित लाभ मिलता है :

(A) अन्य बच्चों के सापेक्ष अपनी योग्यता का आकलन कर लेते हैं

(B) सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप समायोजन करना सीख लेते हैं

(C) शारीरिक व्यायाम हो जाता है

(D) मांसपेशीय विकास हो जाता है

191. अध्यापक को शिक्षण बिन्दु बनाने चाहिए क्योंकि :

(A) इससे यह जानने में सहायता मिलती है कि क्या पढ़ाना है

(B) इससे समय की बचत होती है

(C) इससे अनुशासन बनाए रखने में सहायता मिलती है

(D) इससे शिक्षण कार्य अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकता है

192. कक्षा में छात्रों का ध्यान किस प्रकार आकर्षित कर सकते हैं :

(A) छात्रों में जिज्ञासा का विकास करेंगे

(B) कक्षा में जोर से बोलेंगे

(C) विशेष प्रकार के वस्त्र पहनेंगे

(D) भाषण ठीक प्रकार से देंगे

193. सीखने की सर्वोत्तम विधि है :

(A) वार्तालाप विधि

(B) प्रदर्शन विधि

(C) करके सीखने की विधि

(D) भाषण विधि

194. यदि छात्र शिक्षण में रूचि न ले रहे हों तो अध्यापक को क्या करना चाहिए :

(A) उसे कक्षा से चले जाना चाहिए

(B) उसे अपनी शिक्षण विधि में परिवर्तन करना चाहिए

(C) उसे विद्यार्थियों को दंडित करना चाहिए

(D) उसे प्रधानाध्यापक से शिकायत करनी चाहिए

**195.** छात्रों को प्रेरणा प्रदान करने हेतु उत्तम उपाय है :

(A) नवाचारों का प्रयोग

(B) अच्छा भाषण देना

(C) अभिभावकों से शिकायत करना

(D) उपरोक्त सभी

**196.** यदि छात्र एक विषय में कमजोर है, तो आप उसे :

(A) ट्यूशन पढ़ने की सलाह देंगे

(B) उसे परीक्षा के समय सहायता करेंगे

(C) उसे पढ़ने के लिए सरल पुस्तकें देंगे

(D) उसे व्यक्तिगत रूप से अतिरिक्त समय देकर पढ़ाएंगे

**197.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) का सम्बन्ध निम्न में से किससे है :

(A) प्रारम्भिक शिक्षा

(B) माध्यमिक शिक्षा

(C) प्रौढ़ शिक्षा

(D) तकनीकी शिक्षा

**198.** नेत्रहीन छात्रों के लिए प्रयुक्त होने वाली लिपि है :

(A) ब्रेल लिपि

(B) सामान्य लिपि

(C) हिन्दी की सामान्य लिपि

(D) ब्राह्मी लिपि

**199.** अधिकांश विद्यार्थी उस शिक्षक की कक्षा में खुश होते हैं, जो :

(A) स्कूल में शिक्षकों का नेता हो

(B) अनुशासन के मामले में सख्त हो

(C) उनकी समस्याएँ हल करता हो

(D) खेलकूद का प्रभारी हो

**200.** एक नये अध्यापक के लिए आवश्यक है कि कक्षा प्रारम्भ करने से पूर्व :

(A) कक्षा में अनुशासन लागू करे

(B) विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करे

(C) विद्यार्थियों को चुटकुले सुनाए

(D) विद्यार्थियों को अपनी योग्यता बताए